NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

**Delhi News: नकली पान मसाला बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी, मालिक गिरफ्तार, माल भी बरामद**



**नई दिल्ली**: आउटर नॉर्थ जिले के भलस्वा डेयरी इलाके में ब्रैंडेड कंपनी के नाम पर गुटखा, पान मसाला और खैनी बनाने की पाउच फैक्ट्री पकड़ी गई है। जिले की डीआईयू ने 9 सितंबर को यह कार्रवाई कानपुर स्थित पान मसाला कंपनी की तरफ से शिकायत के आधार पर की। यह फैक्ट्री एक मकान में चोरी छिपे चल रही थी। पुलिस की रेड में नकली पान मसाला बनाने की मशीनें, पाउच, पैकेजिंग, मटेरियल बरामद हुआ है। जिनमें प्रमुख ब्रांड कमला पसन्द पान मसाला भी शामिल है।

बरामद माल को अपने कब्जे में ले लिया

पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर बरामद माल को अपने कब्जे में ले लिया है। इस बाबत पुलिस ने फैक्ट्री के कथित मालिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसकी पहचान मुकुंदपुर के जनता विहार निवासी 36 वर्षीय विशाल के तौर पर हुई है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/delhi/crime/fake-pan-masala-making-factory-caught-owner-arrested/articleshow/123844531.cms